# 95 लाख बैरल कच्चा तेल रूस से आएगा

**रूस ने 9.5 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई का दिया संकेत**

**मिडिल ईस्ट तनाव में भारत के लिए रूस बना सहारा**




**नई दिल्ली, 05 मार्च. मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और समुद्री मार्गों में अस्थिरता के बीच भारत के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है. खबर है कि भारत को कच्चे तेल की अतिरिक्त सप्लाई देने के लिए तैयार है.**

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय जलक्षेत्र के पास मौजूद जहाजों पर लगभग 95 लाख बैरल रूसी कच्चा तेल मौजूद है, जिसे जरूरत पड़ने पर जल्द भारत की ओर मोड़ा जा सकता है. दरअसल क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण स्ट्रैट ऑ होर्मूज से तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है. यह मार्ग वैश्विक ऊर्जा व्यापार का सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक माना जाता है. भारत अपनी कुल तेल जरूरत का बड़ा हिस्सा मिडिल ईस्ट से आयात करता है, ऐसे में इस मार्ग में बाधा भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है. ऐसे हालात में रूस की संभावित अतिरिक्त सप्लाई भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है. मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और समुद्री व्यापार मार्गों में अनिश्चितता के बीच भारत के लिए ऊर्जा आपूर्ति को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं. इसी बीच रशिया ने संकेत दिया है कि वह भारत को कच्चे तेल की अतिरिक्त आपूर्ति करने के लिए तैयार है, जिससे संभावित सप्लाई संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है.

> **कच्चे तेल की कीमतों में 2 प्रतिशत से ज्यादा तेजी**
>
> मिडिल ईस्ट में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब वैश्विक तेल बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है. गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई. सप्लाई बाधित होने की आशंका के कारण निवेशकों में चिंता बढ़ गई है, जिससे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिला.



## रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई, 05 मार्च.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 55.75 पैसे टूटकर 92.05 प्रति डॉलर पर बंद हुआ. यह पहली बार है जब डॉलर 92 रुपये से ज्यादा महंगा हुआ है. रुपये में इस ऐतिहासिक गिरावट की सबसे बड़ी वजह पश्चिम एशिया में जारी राजनीतिक तनाव को माना जा रहा है. पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 91.4925 प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा और यह 55.75 पैसे गिरकर 92.05 रुपये डॉलर पर खुला. बीच कारोबार में एक समय भारतीय मुद्रा 92.35 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गयी थी.

# एटीएम से कैश निकालने की लिमिट घटाई

**पीएनबी ग्राहकों के लिए बड़ा बदलाव, आधी हुई लिमिट**

**1 लाख की जगह अब सिर्फ 50 हजार निकाल सकेंगे**

**नई दिल्ली, 05 मार्च. सरकारी बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एटीएम से कैश निकालने के नियमों में बड़ा बदलाव किया है. बैंक ने चुनिंदा डेबिट कार्ड्स की रोजाना कैश निकालने की सीमा को आधा कर दिया है.**

यह नया नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा. बैंक के अनुसार जिन डेबिट कार्ड्स से पहले रोजाना 1 लाख रुपए तक कैश निकाला जा सकता था, अब उनकी सीमा घटाकर 50 हजार रुपए कर दी गई है. इसी तरह प्रीमियम कैटेगरी के कार्ड्स में




जहां पहले 1.5 लाख रुपए तक की निकासी की अनुमति थी, उसे घटाकर 75 हजार रुपए कर दिया गया है. बैंक का कहना है कि यह कदम ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करने और एटीएम फ्रॉड के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है. साथ ही बैंक ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहता है. हालांकि बैंक ने साफ किया है कि सभी डेबिट कार्ड्स पर यह बदलाव लागू नहीं होगा. कुछ कार्ड्स की लिमिट पहले जैसी ही बनी रहेगी और ऑनलाइन या कार्ड स्वाइप ट्रांजैक्शन पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा.

> बैंक की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक जिन डेबिट कार्ड्स से पहले रोजाना 1 लाख रुपए तक कैश निकाला जा सकता था, उनकी सीमा अब घटाकर 50 हजार रुपए कर दी गई है. वहीं प्रीमियम श्रेणी के डेबिट कार्ड्स पर जहां पहले 1.5 लाख रुपए तक निकासी की अनुमति थी, अब उसे कम करके 75 हजार रुपए कर दिया गया है. बैंक का कहना है कि यह कदम ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है. एटीएम फ्रॉड और साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए कैश निकासी की सीमा कम करने से संभावित नुकसान को कम किया जा सकता है.



# सोना-चांदी में बड़ी गिरावट

**07** हजार रुपए सस्ता हुआ सोना

**32** हजार रुपए कम हुई चांदी

**नई दिल्ली, 05 मार्च. देश के बुलियन बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सोना और चांदी दोनों के दामों में बड़ी कमी देखने को मिली है. 5 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 10 ग्राम पर करीब 3 हजार रुपए घटकर 1.60 लाख रुपए के आसपास पहुंच गई है.**

पिछले दो दिनों में सोना करीब 7 हजार रुपए तक सस्ता हो चुका है. वहीं चांदी की कीमत में भी भारी गिरावट आई है. एक किलो चांदी का भाव लगभग 13 हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख रुपए प्रति किलो पर आ गया है. दो दिनों के भीतर चांदी करीब 32 हजार रुपए तक सस्ती हो चुकी है. बाजार विशेषज्ञों के अनुसार यह गिरावट मुख्य रूप से प्रॉफिट बुकिंग के कारण आई है. हाल के महीनों में सोना और चांदी की कीमतों में तेज बढ़त देखने को मिली थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा वसूली शुरू कर दी. आंकड़ों के मुताबिक इस साल अब तक सोना करीब 26 हजार रुपए और चांदी लगभग 27 हजार रुपए महंगी हो चुकी है. देश के बुलियन बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है. 5 मार्च को जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक 24 कैरेट सोना करीब 3 हजार रुपए घटकर 10 ग्राम के लिए लगभग 1.60 लाख रुपए के स्तर पर आ गया है. इससे पहले इसका भाव करीब 1.63 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था. इस तरह दो दिनों के भीतर सोना करीब 7 हजार रुपए तक सस्ता हो चुका है. कीमतों के ये आंकड़े ( आईबीजेए) की ओर से जारी किए गए हैं.

> विशेषज्ञों का कहना है कि हाल के महीनों में सोना और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया था. इस तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफा वसूली शुरू कर दी, जिसे बाजार की भाषा में प्रॉफिट बुकिंग कहा जाता है. इसी वजह से कीमतों में यह करेक्शन देखने को मिला है. हालांकि साल 2026 की शुरुआत से अब तक सोना और चांदी दोनों की कीमतों में कुल मिलाकर बढ़त ही दर्ज की गई है.

# जियो एआई युग सिर्फ अपग्रेड नहीं, पूरी इकोनॉमी का रीसेट

## मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में मैथ्यू ओमेन ने रखा 'इंटेलिजेंस ग्रिड' का विजन




**बार्सिलोना, 5 मार्च.** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर टेलीकॉम सेक्टर के लिए सिर्फ टेक्नोलॉजी अपग्रेड नहीं, बल्कि इकोनॉमी और बिज़नेस मॉडल का रीसेट है. मैथ्यू ओमेन, ग्रुप सीईओ, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस बार्सिलोना में कहा कि दुनिया अब मिनट्स और बाइट्स से आगे बढ़कर टोकन्स और इंटेलिजेंस की नई इकोनॉमी में प्रवेश कर रही है.

ओमेन के मुताबिक, इंडस्ट्रियल एरा प्रोडक्शन पर आधारित था, इंटरनेट एरा ने कनेक्टिविटी और क्लाउड दिया, लेकिन ‹ढ्ढ एरा इकोनॉमिक इक्केशन को पूरी तरह बदल देगा. यह अपग्रेड साइकिल नहीं है, यह एक कंप्लीट रीसेट है, उन्होंने कहा. वैश्विक स्तर पर में ट्रिलियन डॉलर का निवेश इस बदलाव की गंभीरता दिखाता है. कंपनी के फोकस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह बदलाव टेलीकॉम इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ा अवसर है. जियो खुद को सिर्फ नेटवर्क प्रोवाइडर के रूप में नहीं, बल्कि 'इंटेलिजेंस ग्रिड' के बिल्डर के रूप में देखता है. टेलीकॉम की करेंसी मिनट्स से बाइट्स और अब टोकन्स की ओर शिफ्ट हो रही है. हम सिर्फ सबसे बड़ा टोकन पाइप नहीं बनना चाहते, बल्कि सबसे बड़ा टोकन जेनरेटर बनना चाहते हैं. बताते चलें कि मिनट्स, बाइट्स और टोकन्स के जरिए टेलीकॉम इंड्स्ट्री को संक्षेप में समझा जा सकता है. पहले कमाई का आधार था- वॉयस कॉलिंग, यह मिनट्स में गिनी जाती थी, फिर आया डेटा जो बाइट्स में काउंट होने लगा यानी कितनी बाइट्स ग्राहक इस्तेमाल कर रहा है आदि और भविष्य में यह एआई टोकन में तब्दील हो जाएगा.

इसमें एआई कम्प्यूटेशन, मॉडल इंफरेंस ( एआई का जवाब देना), ऑटोमेटेड डिसीजन और मशीन-टू-मशीन इंटरैक्शन जैसी इंटेलिजेंट सेवाएं शामिल होंगी. उन्होंने याद दिलाया कि जियो ने भारत में वॉइस को मुफ्त किया और डेटा की कीमत 9 सेंट प्रति जीबी तक लाई, जिससे 52.5 करोड़ से अधिक यूजर्स तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंची. अब अगला लक्ष्य सबसे कम लागत पर टोकन-पर-वॉट डिलीवर करना है, यानी किफायती दामों पर बड़े पैमाने पर इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना. ओमेन ने ' एआई कमांड आर्किटेक्चरल फ्रेमवर्क' का जिक्र करते हुए कहा कि भविष्य का नेटवर्क अलग-अलग टूल्स का जोड़ नहीं होगा, बल्कि एक यूनिफाइड, इंटीग्रेटेड आर्किटेक्चर होगा. टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर साथ मिलकर ऐसे सिस्टम बनाएंगे जो रियल टाइम में सोचें, कोऑर्डिनेट करें व एक्शन लें. उनके अनुसार, टेक्नोलॉजी लीडरशिप अब इकोनॉमिक लीडरशिप है, और वही आगे चलकर नेशनल लीडरशिप तय करेगी. ऊर्जा, ट्रांसपोर्ट, फाइनेंस और सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में इंटेलिजेंस एम्बेड करना जरूरी होगा— और इसकी बुनियाद टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही टिकेगी.

> ओमेन ने ' एआई कमांड आर्किटेक्चरल फ्रेमवर्क' का जिक्र करते हुए कहा कि भविष्य का नेटवर्क अलग-अलग टूल्स का जोड़ नहीं होगा, बल्कि एक यूनिफाइड, इंटीग्रेटेड आर्किटेक्चर होगा. टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर साथ मिलकर ऐसे सिस्टम बनाएंगे जो रियल टाइम में सोचें, कोऑर्डिनेट करें और एक्शन लें. उनके अनुसार, टेक्नोलॉजी लीडरशिप अब इकोनॉमिक लीडरशिप है, और वही आगे चलकर नेशनल लीडरशिप तय करेगी.

# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 900 अंक उछला



**मुंबई, 5 मार्च.** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और बीएसई का सेंसेक्स 900 अंक की बढ़त में बंद हुआ. सेंसेक्स सुबह 414 अंक की बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन 300 से 400 अंक की तेजी में रहा. हालांकि आखिरी घंटे में लिवाली तेज होने से इसका ग्राफ सीधे ऊपर की ओर चढ़ा. अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया. इससे पहले पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी. मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया. आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही. टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, 3 रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे. सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा. एलएंडटी, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच मजबूत हुए. बीईएल, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत के बीच तेजी रही.

# वाहनों की बिक्री में बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 05 मार्च.** देश में वाहनों की बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ क्रम साल के दूसरे महीने में भी जारी रहा और 24 लाख से अधिक के आंकड़े के साथ फरवरी की बिक्री का नया रिकॉर्ड बना.

वाहन डीलरों के संगठन फाडा द्वारा गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फरवरी 2026 में देश में कुल 24,09,362 वाहन बिके जो एक साल पहले के मुकाबले 25.62 प्रतिशत अधिक है. यात्री वाहन (कारें, उपयोगी वाहन और वैन), दुपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक वाहन और ट्रैक्टरों की बिक्री में पिछली सभी फरवरी से अधिक रही. इनमें क्रमश- 26 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 24 प्रतिशत, 29 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी रही. पिछले साल सितंबर में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कटौती के बाद से देश में वाहनों की बिक्री मजबूत बनी हुई है. फाडा ने बताया कि 75 प्रतिशत से ज्यादा डीलरों को निकट भविष्य में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है. फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि फरवरी 2026 वाहन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है. निर्माण उपकरणों (1.22 प्रतिशत) की मामूली गिरावट को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों में तेजी रही है. उन्होंने बताया कि फरवरी में शहरी क्षेत्र में दुपहिया की बिक्री 29 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 22 प्रतिशत बढ़ी हैं.

## एयर इंडिया जेद्दा के लिए शुरू करेगी नियमित उड़ानें

**नई दिल्ली, 05 मार्च.** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया गुरुवार से सऊदी अरब के जेद्दा के लिए नियमित उड़ानें शुरू करेगी. एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि 05 मार्च से एयर इंडिया जेद्दा के लिए नियमित उड़ानें शुरू कर रही है जबकि पश्चिम एशिया के अन्य शहरों के लिए उसकी सभी उड़ानें फिलहाल रद्द रहेंगी. जेद्दा के लिए गुरुवार को उसकी तीन उड़ानें प्रस्थान करेंगी. इनमें दिल्ली से जेद्दा के लिए एक उड़ान और मुंबई से दो उड़ानें शामिल हैं.

# पश्चिम एशिया संकट : कारोबार बचाने के लिए सरकार सक्रिय

**नई दिल्ली, 05 मार्च. सरकार ने पश्चिम एशिया में भड़के युद्ध से उस क्षेत्र के रास्ते व्यापारिक जहाजों और उड़ान सेवाओं के बाधित होने के बीच निर्यात क्षेत्र की मदद के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह के गठन का निर्णय लिया है.**

पश्चिम एशिया की स्थिति से भारत के कारोबार पर संभावित प्रभावों की समीक्षा के लिए को राजधानी में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें अधिकारियों की ओर से निर्यात संबंधी प्रक्रियाओं को लेकर रुख लचीला रखने पर बल दिया गया. वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि इसी संदर्भ में प्रभावी समन्वय, निगरानी एवं आगे की कार्रवाई के लिए 'आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाये रखने के लिए अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया गया है, जिसमें वित्तीय सेवा विभाग, विदेश मंत्रालय, पोत परिवहन, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य शामिल हैं.

## मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
### कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि. / यां. संभाग बडवानी (म.प्र.)

दूरभाष : 07290-224946, ई - मेल :- eendenmbarwani@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निविदा सूचना क्रं. 152 से 161 / व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 02/03/2026

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | इ.निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_NVDA_486684_1 | अपरवेदा बॉध परियोजना जिला खरगोन की डिवाटरिंग गैलरी में विद्युत व्यवस्था का सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री प्रदायगी, कनेक्षन, टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित। | 207018.00 (रू. दो लाख सात हजार अठ्ारह) मात्र | 4140.00 (रू. चार हजार एक सौ चालीस) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 2 | 2026_NVDA_486700_1 | एन. व्ही. डी. ए. (इंदिरा सागर परियोजना) कालोनी सुलगांव में बाह्य एवं आंतरिक विद्युतिकरण व्यवस्था का सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री प्रदायगी , टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 184253.00 (रू. एक लाख चौरासी हजार दो सौ तिरेपन) मात्र | 3685.00 (रू. तीन हजार छः सौ पचासी ) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 3 | 2026_NVDA_486712_1 | ओंकारेश्वर परियोजना की मुख्य नहर फेस-4 ग्रुप-1 पर स्थित एच.आर. गेट आर.डी. 0 कि.मी. से 15 कि.मी. (सासलिया टेंक) गेट का सुधार एवं सर्विसिंग का कार्य मय सामग्री प्रदायगी , टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 446794.00 (रू. चार लाख छियालीस हजार सात सौ चौरानवे) मात्र | 8936.00 (रू. आठ हजार नौ सौ छत्तीस ) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 4 | 2026_NVDA_486652_1 | इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहर (आर.डी. 183.230 कि.मी. ) पर स्थित सी. आर. गेट (Size 3m x 2m x 2m) का सुधार एवं सर्विसिंग का कार्य मय सामग्री प्रदायगी , टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 290455.00 (रू. दो लाख नब्बे हजार चार सौ पचपन) मात्र | 5809.00 (रू. पांच हजार आठ सौ नौ ) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 5 | 2026_NVDA_486721_1 | अपरवेदा बॉध परियोजना जिला खरगोन स्थित एल.बी.सी. स्लूस गेट ( 2 No. Emergency gate & 2 No. service gate - 1.5 m X 2.0 m) का सुधार एव मरम्मत कार्य मय सामग्री प्रदायगी, कनेक्षन, टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित। | 153794.00 (रू. एक लाख तिरेपन हजार सात सौ चौरानवे) मात्र | 3076.00 (रू. तीन हजार छिहत्तर ) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 6 | 2026_NVDA_486675_1 | सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल साला, निम्बोला एवं खुजावा तहसील धरमपुरी जिला धार में सड़क बत्ती प्रकाश व्यवस्था के सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री, प्रदायगी, ट्रान्सपोर्टेशन , टेस्टिंग, लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 202455.00 (रू. दो लाख दो हजार चार सौ पचपन) मात्र | 4049.00 (रू. चार हजार उनचास ) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 7 | 2026_NVDA_486734_1 | इंदिरा सागर परियोजना की मुख्य नहर की आर.डी. 133 कि.मी. पर स्थित एच.आर. गेट (Chichlaya Minor- 1.5 m x 1.5 m- 1 Nos) एवं आर.डी. 136.21 कि.मी. पर स्थित (Escape Gate - 1.5 m x 2.1 m - 2 Nos ) का सुधार एवं सर्विसिंग का कार्य मय सामग्री प्रदायगी , टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 146655.00 (रू. एक लाख छियालीस हजार छः सौ पचपन) मात्र | 2933.00 (रू. दो हजार नौ सौ तैतीस ) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 8 | 2026_NVDA_486749_1 | एन. व्ही. डी. ए. (इंदिरा सागर परियोजना) कालोनी एवं ओंकारेश्वर परियोजना कालोनी में जल प्रदाय व्यवस्था हेतु 40 एच.पी. सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प (किरलोस्कर) का प्रदायगी एवं स्थापन्न कार्य मय सामग्री प्रदायगी , टेस्टिंग एवं लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 125000.00 (रू. एक लाख पच्चीस हजार ) मात्र | 2500.00 (रू. दो हजार पांच सौ ) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 9 | 2026_NVDA_486769_1 | सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल कसरावद, गोलाटा, मोहिपूरा चकेरी एवं मण्डवाड़ा तहसील ठीकरी एवं बड़वानी जिला बड़वानी में सड़क बत्ती प्रकाश व्यवस्था के सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री, प्रदायगी, ट्रान्सपोर्टेशन , टेस्टिंग, लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 210537.00 (रू. दो लाख दस हजार पांच सौ सैतीस ) मात्र | 4211.00 (रू. चार हजार दो सौ ग्यारह) मात्र | 2,000.00 (रू. दो हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |
| 10 | 2026_NVDA_486794_1 | लोअर गोई (शहीद भीमानायक) परियोजना जिला बड़वानी पर स्थित 250 के.व्ही.ए. जनरेटर सेट एवं डी.जी.रूम का सुधार एवं मरम्मत कार्य मय सामग्री, प्रदायगी, ट्रान्सपोर्टेशन , टेस्टिंग, लेबर चार्जेस इत्यादि सहित पूर्ण कार्य। | 184032.00 (रू. एक लाख चौरासी हजार बत्तीस ) मात्र | 3681.00 (रू. तीन हजार छः सौ इक्यासी) मात्र | 1,000.00 (रू. एक हजार) मात्र | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत एवं "ए" श्रेणी का विद्युत लाईसेंस | 15 दिवस (अनुबंध की तिथि से) |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की तिथि : 23/03/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 25/03/2026, 10:00 से 25/03/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 25/03/2026, 10:00 से 25 / 03 / 2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन )

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट / कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। आवश्यक होने पर निविदा में अन्य परिवर्तन की सूचना अलग से प्रकाशित नही की जावेगी, ऑनलाईन के माध्यम ही कॉरिजेंडम किये जायेगें। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास वि. / यॉ. संभाग बड़वानी (म.प्र.)

G26889/25

## मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग

पंचम तल, मेट्रो प्लाजा, ई-5, अरेरा कालोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल-462016
फोन-0755 -2463585,2430154, फैक्स-0755 -4004137
वेबसाईट: www.mperc.in ई-मेल: secretary@mperc.nic.in

कमांक: मप्रविनिआ/डी(टी)/2026/365 दिनांक : 05.03.2026

### सार्वजनिक सूचना

**एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने थर्मल पावर प्रोजेक्ट अनुपपुर, मध्य प्रदेश के लिए आयोग के 28.02.2025 और 27.11.2025 दिनांकित आदेश से अवधारित उत्पादन टैरिफ और अनुपूरक प्रभार के सत्यापन के लिए याचिका दायर की है। यह याचिका विद्युत अधिनियम 2003 धारा 62 तथा धारा 86 (1)ए के एफ जीडी सिस्टम के लिए सहपठित मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उत्पादन टैरिफ के अवधारण सम्बन्धी निबंधन एवं शर्तें) विनियमन, 2024 के तहत दायर की गई है।**

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोग द्वारा अवधारित एएफसी के सत्यापन हेतु दावा किए गए वार्षिक स्थायी प्रभार का विवरण निम्नानुसार है।**

(रूपये करोड़ में राशि)

| विवरण | आयोग के 28.02.2025 दिनांकित आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एएफसी का अवधारण | याचिकाकर्ता के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एएफसी का दावा | सत्यापन राशि |
|---|---|---|---|
| अंश पूंजी पर प्रतिलाभ | 345.54 | 462.18 | 116.64 |
| अवमूल्यन/अवक्षयण | 398.06 | 398.73 | 0.67 |
| ऋण पर ब्याज | 268.92 | 236.05 | -32.87 |
| प्रचालन और संधारण व्यय | 317.34 | 399.46 | 82.12 |
| कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 105.17 | 107.92 | 2.75 |
| **कुल वार्षिक स्थायी प्रभार** | **1435.03** | **1604.34** | **169.31** |
| कम : गैर-टैरिफ आय | -2.50 | -1.33 | 1.17 |
| **शुद्ध वार्षिक स्थायी प्रभार** | **1432.53** | **1603.02** | **170.49** |
| **शुद्ध वार्षिक स्थायी प्रभार (अनुबंधित क्षमता के लिए)** | **429.76** | **480.91** | **51.15** |

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोग के अवधारित अनुपूरक प्रभार के सत्यापन हेतु दावा किए गए वार्षिक अनुपूरक (एफ जीडी क्षमता के लिए )स्थायी प्रभार का विवरण निम्नानुसार है :**

(रूपये करोड़ में राशि)

| विवरण | आयोग के 27.11.2025 दिनांकित के अनुसार वार्षिक अनुपूरक क्षमता प्रभार अवधारण अवधि 01.06.2024 से 31.03.2025 के लिए | याचिकाकर्ता के द्वारा अवधि 01.06.2024 से 31.03.2025 के लिए वार्षिक अनुपूरक क्षमता (स्थायी)प्रभार का दावा | सत्यापन राशि |
|---|---|---|---|
| अंश पूंजी पर प्रतिलाभ | 27.32 | 38.17 | 10.85 |
| अवमूल्यन/अवक्षयण | 42.38 | 44.18 | 1.8 |
| ऋण पर ब्याज | 58.42 | 61.36 | 2.94 |
| प्रचालन और संधारण व्यय | 14.71 | 15.91 | 1.2 |
| कार्यशील पूंजी पर ब्याज | 3.44 | 3.59 | 0.15 |
| **वार्षिक अनुपूरक स्थायी प्रभार** | 146.28 | 163.34 | 17.06 |
| **वार्षिक अनुपूरक स्थायी प्रभार एमपीपीएमसीएल शेयर 30: के लिए** | **43.88** | **49.00** | **5.12** |
| संचालित दिनों की संख्या | 304 | 304 | 304 |
| **संचालित दिनों की संख्या के लिए अनुपूरक स्थायी प्रभार** | 36.55 | 40.81 | 4.26 |

आयोग ने याचिका को स्वीकार कर इसे **याचिका संख्या 04/2026** के रूप में दर्ज किया हैं।

इस संबंध में आपत्ति/टिप्पणी /सुझाव देने के इच्छुक व्यक्ति उनके तथ्यों की पुष्टि में दस्तावेजों और साक्ष्यों की प्रतियों के साथ अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आई.डी. सहित अपनी आपत्ति/टिप्पणी/सुझाव सीधे सचिव, म.प्र विद्युत नियामक आयोग, ''मेट्रोप्लाजा'', तल- 5, ई-5, अरेरा कॉलोनी, बिट्टन मार्केट, भोपाल -462016 को इस प्रकार भेज दें की इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **21 दिनों** के अंदर आयोग कार्यालय पहुँच जाए। इसकी एक प्रति निदेशक एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, 239, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज -III, नई दिल्ली 110020 को भी भेज दें। आपत्तियों/टिप्पणियों/सुझावों की अग्रिम प्रति को फैक्स अथवा ई-मेल से भी भेजा जा सकता हैं। किसी शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं है।

इच्छुक व्यक्ति याचिका (अंग्रेजी संस्करण) की प्रति कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक आयोग कार्यालय या एमबीपीएमपीएल 239, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट फेज - III, नई दिल्ली 110020 से प्राप्त कर सकते है। इसके लिए 200 रू. नकद या किसी अनुसूचित बैंक का 200 रू. का डिमाण्ड ड्राफ्ट एमपीईआरसी के नाम भोपाल में देय या एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड के नाम से नई दिल्ली में देय देना होगा। याचिका की प्रति 50 रू. अतिरिक्त डाक शुल्क भुगतान कर डाक से भी प्राप्त की जा सकती है। यह याचिका आयोग की वेबसाइट www.mperc.in पर भी उपलब्ध है।

इस प्रकरण में जन सुनवाई का आयोजन (हाईब्रिड मोड) दिनांक **07.04.2026** को प्रात: **12:00** बजे किया जायेगा। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने निर्धारित समय सीमा में अपने लिखित आपत्ति/टिप्पणी/सुझाव प्रस्तुत किये हैं, उनके मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल आई.डी. पर उक्त जन सुनवाई हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध गाईडलाईन्स के अनुसार उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचना दी जायेगी।

**आयोग के आदेशानुसार
(संजय कुमार बघेल)
प्रभारी सचिव**